बर्बरता ▶ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, पुलिस बोली– शिकायत मिलने पर नियमानुसार होगी कार्रवाई

# कबाड़ चोरी के शक में युवक को रस्सी से बांधा

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला मुख्यालय अनूपपुर में निर्माणाधीन रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज स्थल पर मंगलवार-बुधवार की रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। पुल निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों ने चोरी के संदेह में एक युवक को पकड़कर रेलवे के खंभे से रस्सी से बांध दिया। युवक का रोते और चिल्लाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया।

वीडियो का संज्ञान लेते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने तत्काल एसडीएम कमलेश पुरी को मौके पर भेजा और पूरी स्थिति की जांच कराई। एसडीएम कमलेश पुरी ने मौके पर पहुंचकर ब्रिज निर्माण स्थल के कर्मचारियों से पूछताछ की। कर्मचारियों ने बताया कि बंधा हुआ युवक कबाड़ी है, जो अक्सर निर्माण स्थल से लोहे का कबाड़ चोरी कर ले जाता है। कई बार उसे इस रास्ते से आने-जाने से मना भी किया गया, लेकिन वह नहीं माना।





### 5 मिनट तक रस्सी से बंधा रहा युवक

कर्मचारियों का कहना है कि मंगलवार को जब वह कबाड़ लेकर जाने लगा तो रोकने पर उसने ब्लेड से हमला कर दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने उसे पकड़कर रस्सी से खंभे से बांध दिया और ठेकेदार मालिक को घटना की सूचना दी। कर्मचारियों ने एसडीएम को बताया कि युवक को केवल 5 मिनट के लिए ही बांधा गया था। बाद में पास के होटल संचालकों ने उसे छुड़ा दिया।

### युवक नशे की हालत में रहता है

इसी दौरान किसी ने घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि वह युवक आए दिन चोरी करता है और नशे की हालत में रहता है। घटना के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि ऐसी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था से समझौता नहीं होगा।

### किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई : जैन

कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि अब तक इस संबंध में किसी भी फरियादी द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर नियमानुसार जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना का वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। लोग इसे लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग कर्मचारियों की कार्रवाई को गलत बता रहे हैं तो कुछ इसे चोरी रोकने का तरीका मान रहे हैं।



# पुलिस ने अवैध रेत परिवहन पर जब्त किया ट्रैक्टर

**शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों पर भी केस दर्ज**

**अनूपपुर, नवभारत 1 अक्टूबर।** जैतहरी पुलिस ने 30 सितंबर को अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्यवाही की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुजर नाला ग्राम उमरिया से बिना नंबर की ट्रैक्टर में अवैध रेत भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां ट्रैक्टर रेत से भरा मिला। पुलिस की गाड़ी देखते ही चालक मौके से फरार हो गया।

कार्रवाई के दौरान आरोपी अभिनय शर्मा, राकेश रजक, प्रभात जायसवाल एवं दशरथ सिंह ट्रैक्टर के सामने आकर खड़े हो गए और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए विवाद करने लगे। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा, लेकिन आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर थाने में सुरक्षित खड़ा कराया और आरोपियों के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

# कलेक्टर ने विसर्जन कुंड का लिया जायजा



**सुरक्षा के मद्देनजर शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित**

**अनूपपुर, नवभारत 1 अक्टूबर।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला मुख्यालय अनूपपुर में स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप बनाए गए प्रतिमा विसर्जन कुंड का बुधवार को कलेक्टर हर्षल पंचोली ने स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिमा विसर्जन के समय श्रद्धालुओं और नगरवासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। कलेक्टर ने मौके पर बेरीकेटिंग, गोताखोरों की उपलब्धता, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, जलस्तर की सुरक्षा एवं यातायात नियंत्रण से संबंधित तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि विसर्जन के दौरान सुरक्षा और सुविधा को सर्वोपरि रखा जाए तथा किसी भी तरह की लापरवाही न हो।

इस निरीक्षण में अनुविभागीय दंडाधिकारी अनूपपुर कमलेश पुरी, नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र सिंह, उपयंत्री बृजेश पांडेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### सुबह 6 से रात 3 बजे भारी वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगा

दुर्गा विसर्जन एवं दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनूपपुर शहर में सुबह 6 बजे से रात 3 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यातायात प्रभारी विनोद दुबे ने बताया कि निर्धारित समय के बाद स्थिति और भीड़ को देखते हुए आवश्यकतानुसार भारी वाहनों को अनुमति दी जाएगी। आपात परिस्थितियों में यातायात पुलिस तत्काल निर्णय लेकर व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि दुर्गा विसर्जन व दशहरा बाद के दिनों के लिए नो एंट्री संबंधित आदेश पूर्ववत लागू रहेंगे। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करें और यातायात नियमों का पालन कर जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। कलेक्टर ने साफ कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जा रही हैं।



# गांधी जयंती पर कांग्रेस की श्रद्धांजलि सभा आज

**अनूपपुर, नवभारत 1 अक्टूबर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर, गुरुवार को जिला कांग्रेस सेवा दल अनूपपुर द्वारा एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रात: 11 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम में पूजा-अर्चना, फूल अर्पण, सर्वधर्म प्रार्थना और विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों और जीवन दर्शन पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी की विभिन्न इकाइया, वरिष्ठ कांग्रेसजन, युवा कांग्रेस, सेवा दल, महिला कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (इंटक), पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ और आदिवासी प्रकोष्ठ इसमें भाग लेंगी।

# मजदूरों का पैसा लेकर ठेकेदार फरार

▶ पूर्व विधायक के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुई शिकायत



**अनूपपुर, नवभारत 1 अक्टूबर।** जिले के कोतमा अनुविभाग से मजदूरों के शोषण का मामला सामने आया है। यहां एक ठेकेदार मजदूरों का मेहनताना लेकर फरार हो गया। मजदूरों ने जब बार-बार भुगतान की मांग की, तो ठेकेदार मौके से गायब हो गया और फोन भी बंद कर लिया। परेशान मजदूरों ने पूर्व विधायक सुनील सराफ से मदद मांगी। उनके हस्तक्षेप के बाद आखिरकार कोतमा थाने में ठेकेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। जानकारी के मुताबिक कोतमा कॉलेज परिसर में ठेकेदार द्वारा मजदूरों से सफाई और अन्य कार्य कराए गए थे। काम पूरा होने के बाद मजदूरों ने भुगतान की मांग की, लेकिन ठेकेदार ने पैसा देने से बचते हुए फरार हो गया। पूर्व विधायक सुनील सराफ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य ठेकेदार से बात की। जांच में सामने आया कि फरार ठेकेदार का नाम भीखम सिंह है, जो छत्तीसगढ़ के मुंगेली का निवासी है। वह पेटी कॉन्ट्रैक्टर के रूप में कार्य कर रहा था। मुख्य ठेकेदार से उसे पूरा भुगतान पहले ही मिल चुका था, लेकिन उसने मजदूरों को उनका मेहनताना नहीं दिया।

### ठेकेदार ने फोन बंद कर दिया

मजदूरों का कहना है कि भुगतान के लिए जब उन्होंने बार-बार संपर्क किया, तो ठेकेदार ने फोन उठाना बंद कर दिया। उसका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आ रहा है और वह अब तक फरार है। इसके बाद पूर्व विधायक सुनील सराफ मजदूरों को लेकर सीधे कोतमा थाने पहुंचे और ठेकेदार भीखम सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मजदूरों को आश्वासन दिया कि ठेकेदार को जल्द ही गिरफ्तार कर मजदूरों का बकाया भुगतान कराया जाएगा।

## एक नजर में



### युवाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अनूपपुर, नवभारत 1 अक्टूबर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जैतहरी के संयुक्त तत्वावधान में सेवा ही स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एक भव्य स्वच्छता रैली एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तथा विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाने से हुआ। तत्पश्चात आईटीआई परिसर से रैली की शुरुआत की गई, जो राठौर चौक होते हुए पुन: संस्थान परिसर में समाप्त हुई। रैली में छात्र-छात्राओं ने जोरदार नारे लगाए जैसे स्वच्छता ही सेवा है, हर रोग की एक दवाई, घर-घर में हो साफ-सफाई, हमने मन में ठाना है, स्वच्छ मध्यप्रदेश बनाना है।

**नवरात्रि की दीं गई शुभकामनाएं**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष एवं नगर परिषद जैतहरी के पूर्व अध्यक्ष अनिल गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहा है और इस प्रकार की रैलियां निश्चित रूप से बच्चों और युवाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक और प्रेरित करेंगी। उन्होंने उपस्थित सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं भी दीं।



### डीएमएलटी परीक्षा में साक्षी रहीं प्रथम स्थान पर

**अनूपपुर, नवभारत 1 अक्टूबर।** शिक्षा के क्षेत्र में जिले ने एक और उपलब्धि का जश्न मनाया है। जिला मुख्यालय स्थित संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज ने इस वर्ष डीएमएलटी (डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजी) परीक्षा में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह सफलता न केवल कॉलेज के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। परिणाम घोषित होते ही कॉलेज परिसर में खुशियों की लहर दौड़ गई। टॉपर्स में प्रथम स्थान हासिल करने वाली साक्षी मिश्रा ने 83 .3 प्रतिशत अंक अर्जित किए। द्वितीय स्थान पर रहे शुभम मोटवानी ने 79 .75 प्रतिशत और तृतीय स्थान पर सृष्टि राठौर ने 79 .58 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज में नियमित कक्षाएं, व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन इस सफलता की बुनियाद है। संचालक अंकित शुक्ला ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पढ़ाई नहीं बल्कि ऐसे विद्यार्थियों को तैयार करना है जो अकादमिक रूप से उत्कृष्ट हों और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में सक्षम हों। यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। कॉलेज की सफलता में शिक्षकों और स्टाफ की भूमिका अहम रही है। उन्होंने न केवल तकनीकी ज्ञान बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और व्यावसायिक जीवन के लिए विद्यार्थियों को तैयार किया।

# वृद्ध समाज के मार्गदर्शक होते हैं : कलेक्टर

▶ अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर कल्याण वृद्धाश्रम में हुआ विशेष कार्यक्रम

**अनूपपुर, नवभारत 1 अक्टूबर।** समावेशी भविष्य के लिए वृद्धों की आवाज को सशक्त बनाना थीम पर अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस का आयोजन ग्राम सीतापुर स्थित कल्याण वृद्धाश्रम में किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राठौर, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक के. के. सोनी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि वृद्ध समाज के मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत होते हैं। उनके आशीर्वाद और अनुभव से नई पीढ़ी का विकास संभव होता है। उन्होंने बताया कि ग्राम बरबसपुर के परिवारों के सहयोग से कल्याण वृद्धाश्रम की स्थापना हुई थी और इसे आगामी समय में एक आदर्श वृद्धाश्रम बनाने के लिए प्रयास जारी रहेगा, जहां सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



### वृद्धों की सेवा से सम्मान प्राप्त होता है : राठौर

जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राठौर ने वृद्धजनों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि वृद्धों की सेवा से समाज में सुख, समृद्धि और सम्मान की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने शयन कक्ष, भोजन कक्ष, सीसीटीवी कैमरा और निर्माणाधीन सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

### अब ब्लॉक स्तर पर बनेंगे दिव्यांग प्रमाण पत्र

**अनूपपुर, नवभारत 1 अक्टूबर।** जिले के दिव्यांगों को उनकी पात्रतानुसार सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु अब मेडिकल बोर्ड की बैठक ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित की जाएगी। इससे दिव्यांगों को प्रमाण पत्र प्राप्त करने में सुविधा होगी और उन्हें बार-बार जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। जिला चिकित्सालय अनूपपुर में प्रत्येक गुरूवार को मेडिकल बोर्ड की बैठक आयोजित की जाती है, लेकिन अब इसे ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत स्तर पर बैठक का आयोजन निम्नलिखित समय-सारिणी के अनुसार किया जाएगा। जनपद अनूपपुर में प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को बैठक आयोजित होगी, जिसमें जनपद अनूपपुर, नगरपालिका पसान और नगरपालिका बिजुरी के दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। जनपद कोतमा में प्रत्येक माह के द्वितीय शुक्रवार को बैठक आयोजित होगी।



# एड्स से बचाव की दी जानकारी

**महाराजा मार्तंड कॉलेज में सघन जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित**

**कोतमा नवभारत 1 अक्टूबर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में पदस्थ आईसीटीसी काउंसलर श्यामवती पेन्द्राम द्वारा 29 सितंबर सोमवार को शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय कोतमा में सघन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन कालेज प्राचार्य डॉ. वीके सोनवानी की अध्यक्षता में किया गया।

इसमें एचआईवी एड्स के बारे में बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उनके फैलने व बचाव की जानकारी दी गई। साथ में हेपेटाइटिस बी, एसटीआई, क्षय रोग,की भी जानकारी साझा की गई। हेल्पलाइन ट्रोल फ्री नम्बर-1097 भी बताया गया। कार्यक्रम में सुशीला सिंह, शीतल केशरवानी, प्रो. आकांक्षा पांडेय, मो. मोबीन, डॉ. श्रीकांत मिश्रा, डॉ. नीलम मिश्रा, राकेश गर्ग, डॉ. रंजना बघेल, डॉ. धीरेंद्र शर्मा, डॉ. अनिता तिवारी आदि ने योगदान दिया। इस दौरान जन-भागीदारी सदस्य जितेंद्र भट्ट, सौरभ सिंह बघेल आदि उपस्थित रहे।

### प्रमुख स्थलों पर की गई साफ सफाई


**अमरकंटक, नवभारत 23 सितंबर।** शासन के निर्देशानुसार सेवा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान अंतर्गत विभागीय गतिविधियों का नियमित क्रियान्वयन किया जा रहा है। नगर परिषद सीएमओ चैन सिंह परस्ते ने कहा कि प्रत्येक दिवस की गतिविधियों की जानकारी समय पर देना और अभियान को निरंतर गति देना आवश्यक है।17 सितंबर से प्रारंभ हुआ यह अभियान 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक जारी रहेगा। निर्धारित कैलेंडर अनुसार विभागीय अधिकारी व नगर परिषद अमरकंटक स्वच्छता व जनजागरूकता से जुड़ी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा नर्मदा नदी के उत्तर व दक्षिण तट पर वृहद पौधरोपण और स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री भी शामिल हुए। रामघाट दक्षिण तट, उत्तर तट, माई की बगिया, सोनमुड़ा, कपिलधारा, बस स्टैंड आदि प्रमुख स्थलों पर भी सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

सफलता ▶ 69 वर्ष में पहली बार 365 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने का रचा इतिहास

# ताप विद्युत गृह चचाई ने शक्ति पर्व में दिखाई अपनी शक्ति

**अनूपपुर, नवभारत 1 अक्टूबर।** अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यहां की 210 मेगावाट यूनिट ने लगातार 365 दिन यानी पूरे एक वर्ष तक निर्बाध रूप से विद्युत उत्पादन कर इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि मध्यप्रदेश के पुनर्गठन के बाद 69 वर्ष के इतिहास में पहली बार दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चचाई की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, वरिष्ठ अभियंताओं, तकनीकी कार्मिकों एवं संपूर्ण अमरकंटक ताप विद्युत गृह की टीम को बधाई देते हुए कहा कि नवरात्रि जैसे शक्ति पर्व में चचाई ने सचमुच अपनी शक्ति का परिचय दिया है। इस उपलब्धि के पीछे अमरकंटक ताप विद्युत गृह के अभियंताओं और तकनीकी कार्मिकों की कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता रही। 210 मेगावाट क्षमता की यह यूनिट जब बुधवार की रात 12 बजे 365 दिन पूरा कर निरंतर उत्पादन के रिकॉर्ड में दर्ज हुई, तो वहां मौजूद अभियंता और तकनीकी कार्मिक खुशी से झूम उठे।



### यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से लगातार उत्पादन कर रही

यह पहली यूनिट बनी, जिसने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल से लेकर राज्य विद्युत मंडल और अब पावर जनरेटिंग कंपनी के 69 वर्ष के इतिहास में इतना शानदार प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से लगातार उत्पादन कर रही थी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि यह उपलब्धि अत्यंत गर्व की बात है। इससे राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की श्रेष्ठता और सकारात्मक छवि बनी है। उन्होंने अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई, प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, अभियंताओं और कार्मिकों को बधाई दी।

### यह किसी चुनौती से कम नहीं था

इस यूनिट ने लगातार उत्पादन करते हुए 95.43 प्रतिशत का शानदार पीएलएफ, 98.26 प्रतिशत पीएएफ और 9.15 प्रतिशत ऑक्जिलरी कंजम्पशन का रिकॉर्ड दर्ज किया। इतने लंबे समय तक सतत् उत्पादन बनाए रखना किसी चुनौती से कम नहीं था। इस उपलब्धि के पीछे ऑपरेशन और मेंटेनेंस टीमों की कुशल कार्यप्रणाली और समय पर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन ने अहम भूमिका निभाई।

### अभियंताओं व कार्मिकों की पेशेवर दक्षता का प्रमाण : सिंह

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि इतने जटिल संचालन को सफलतापूर्वक अंजाम देना चचाई के अभियंताओं और कार्मिकों की पेशेवर दक्षता और विशेषज्ञता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह सफलता दिखाती है कि कंपनी के इंजीनियर केवल दायित्व निभा ही नहीं रहे, बल्कि उत्कृष्टता के मानकों को भी बनाए रखे हुए हैं।